द्या -भवन ,बालिका विद्यापीठ ,लखीसराय

नीतू कुमारी, वर्ग- चतुर्थ,विषय- हिंदी व्याकरण

दिनांक-11-08-2021 एन.सी.ईआर.टी. पर आधारित

कारक पाठ-8

सुप्रभात बच्चों,



कारक– Case

संज्ञा या सर्वनाम के जो रूप उनका क्रिया के साथ संबंध बताते हैं, कारक कहलाते हैं।

माँ ने रजनी से चाय बनाने को कहा। रजनी ने चूल्हे पर पानी चढ़ाया। उसमें चाय की पत्ती, चीनी तथा दूध डाला और माँ के लिए चाय बनाई।

ऊपर दिए गए वाक्यों में–

- रंगीन शब्द– ने, से, को, पर, में, की तथा के लिए संज्ञा या सर्वनाम शब्द से क्रिया का संबंध जोड़ रहे हैं।
- इन्हें कारकों के विभक्ति चिह्न अथवा परसर्ग कहते हैं।
- इन शब्दों के प्रयोग से वाक्यों का अर्थ ठीक तरह समझ में आ जाता है।

संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उसका संबंध वाक्य की क्रिया के साथ जाना जाता है, उसे कारक कहते हैं।

कारक के आठ भेद हैं–

कारक			विभक्ति चिह्न/परसर्ग
1.	कर्ता कारक	– Nominative Case –	ने
2.	कर्म कारक	– Objective Case –	को
3.	करण कारक	– Instrumental Case –	से, के द्वारा
4.	संप्रदान कारक	– Dative Case –	को, के लिए
5.	अपादान कारक	– Ablative Case –	से (अलग अथवा पृथक)
6.	संबंध कारक	– Possessive Case –	का, के, की, रा, रे, री
7.	अधिकरण कारक	– Locative Case –	में, पर
8.	संबोधन कारक	– Vocative Case –	हे!, अरे!

गृहकार्य---

दिए ,गए अध्ययन -सामग्री पूरे मनोयोग से पढ़ें तथा समझने का प्रयास करें।